# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## सुशासन तिहार का पहला दिन



**खास बातें**

- सुशासन तिहार का तीसरा चरण प्रारंभ
- हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी से देर से उड़े सीएम साय
- सक्ती के बरोदा में उतरा उड़नखटोला
- लगाई चौपाल और सुनी ग्रामीणों की समस्याएं
- सीएम के साथ मौजूद रहे अफसर

*डेढ़ साल पहले सत्ता संभालते ही सुशासन लाने का दावा किया था तो उसकी जमीनी हकीकत भी जानना जरूरी है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चिलचिलाती धूप में अपने अमले के साथ राज्य की खाक छानने निकल पड़े हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और सचिव पी दयानंद की मुख्यमंत्री के साथ यात्रा में बातें यह अहसास अहसास करा रही थी कि कोई अभियान को हल्के में लेने की गलती ना करे।*

# सुशासन के दावे की हकीकत जानने निकले विष्णुदेव पहले दिन पहुंचे सक्ती, पीपल के नीचे लगाई चौपाल

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

आठ अप्रैल से राज्य सरकार के शुरू हुए सुशासन तिहार के तीसरा चरण का आज पहला दिन खासा उत्तेजना भरा रहा। मुख्यमंत्री को सुबह दस बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से उड़ान भरना तय था। गाड़ियों का काफिला सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर लग चुका था और मुख्य सचिव भी निर्धारित समय से पांच मिनट पहले ही हेलीपैड पहुंच भी गए थे लेकिन तभी पायलट ने बताया ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ...तो कलेक्टर होंगे सस्पेंड

मुख्यमंत्री ने कोरबा जिले के ग्राम मदनपुर में आयोजित शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1 रुपए भी रिश्वत लेने की शिकायत मिली तो कलेक्टर को सीधा सस्पेंड करेंगे।

## कड़ी धूप में मशक्कत



## खबर संक्षेप

### वक्फ पर अब 15 मई को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। सीजेआई संजीव खन्ना ने सुनवाई टालते हुए कहा कि इस मामले पर अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई की जरूरत है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगली तारीख तक के लिए टाल दी. सीजेआई खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में अगले सीजेआई बीआर गवई इस मामले में सुनवाई करेंगे। जस्टिस बीआर गवई 14 मई से सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे। अब इस मामले की सुनवाई 15 मई को होगी।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय का बड़ा कदम

# 54 साल बाद राज्यों में होगी हवाई हमले से बचाव की 'मॉक ड्रिल', गूंजेगा सायरन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच कई राज्यों से 7 मई को 'मॉक ड्रिल' आयोजित करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन और नागरिकों को किसी भी हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना शामिल है। अन्य उपायों में दुर्घटना की स्थिति में 'ब्लैकआउट' के उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा निकासी ▶▶| शेष पेज 6 पर

- भारत-पाक युद्ध के समय 1971 में हुआ था मॉक ड्रिल
- किसी भी हमले से नागरिकों को बचाव का प्रशिक्षण

*पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को फरमान जारी किया है। गृह मंत्रालय ने राज यों को 7 मई को नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। राज यों को हवाई हमलों से बचने के लिए मॉक ड्रिल का निर्देश दिया है। पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में आयोजित की गई थी, जब भारत और पाकिस् तान के बीच दो मोर्चों पर युद्ध हुआ था। इस युद्ध के 54 सालों बाद अब देश में मॉक ड्रिल होने जा रही है।*

### पीएमओ में ताबड़तोड़ बैठकें सीजेआई के बाद पीएम से मिले राहुल



### केंद्र के ऐसे निर्देश

- हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जाएगा
- हमले की स्थिति में बचाव के लिए नागरिकों और छात्रों आदि को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाए
- मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैक आउट किया जाएगा
- महत्वपूर्ण संयंत्रों-प्रतिष्ठानों को समय से पहले ही छिपाने के उपाय किए जाएंगे
- साथ ही लोगों को निकालने की योजना और उसका अभ्यास किया जाएगा

### पीएम मोदी से रक्षा सचिव ने की मुलाकात



भारत ने 2019 में पुलवामा के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए सबसे भीषण हमले को लेकर भारत किसी को बख्शने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई दिल्ली हमले का क्या जवाब देगी। बैठक आधे घंटे से अधिक समय तक चली।

### पुतिन का भारत को समर्थन, चीन बोला- हम पाक के साथ

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है। दूसरी तरफ इस्लामाबाद में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की और कहा कि चीन पाकिस्तान का हमेशा समर्थन करेगा।

### भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति



*राष्ट्रपति पुतिन ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया।*

## भृत्य की शिकायत पर एक्शन

# अटके वेतन के लिए मांगी रिश्वत, धरा गया बाबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

माध्यमिक विद्यालय के एक दैनिक वेतनभोगी भृत्य का तीन साल से अटका हुआ वेतन भुगतान करने के नाम पर 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने वाले हेड क्लर्क को बिलासपुर की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में कार्यरत हेड क्लर्क एमएस फारुखी ने खरसिया क्षेत्र स्थित हालाहुली माध्यमिक शाला में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी भृत्य उसुराम केंवट के साल 2014 से 2017 तक के रूके हुए वेतन का भुगतान करने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### काट रहा था चक्कर

बताया जा रहा है कि भृत्य काफी समय से अपने लंबित वेतन को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहा था।जबकि उसने लंबित वेतन को प्राप्त करने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी और इस याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ▶▶| शेष पेज 6 पर




# सोलर लाइट और अन्य उपकरणों की खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार, हाईकोर्ट करेगा मामले की मानिटरिंग

**बिलासपुर।** बस्तर संभाग में हुई सोलर लाइट और अन्य उपकरणों की खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। इस मामले में हाईकोर्ट लगातार सख्त नजर आ रहा है।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव और अध्यक्ष ने हलफनामा पेश कर दिया है, लेकिन कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं है। सोमवार को हुई मामले की सुनवाई में कोर्ट ने इस पूरे प्रकरण को अपनी मानिटरिंग में रखा है। शासन की ओर से सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे मामले की जांच विधानसभा की कमेटी कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (क्रेडा) की ओर से अदालत में कहा गया कि सौर स्ट्रीट लाइट खरीद की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं की गई। नियमानुसार, यह निविदा प्रक्रिया क्रेडा के माध्यम से होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भंडार क्रय नियमों का भी पालन नहीं किया गया, जबकि राज्य के अधिकारियों को इसकी जानकारी थी। बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में सोलर लाइट और अन्य उपकरणों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ लगातार निगरानी कर रही है। सुनवाई में ऊर्जा विभाग के सचिव और अध्यक्ष से हलफनामा मांगा गया था, जिसे अदालत में प्रस्तुत किया गया। इसमें कोंडागांव जिले में हुई गड़बड़ियों पर रिपोर्ट दी गई गई और बताया गया कि विधानसभा की एक समिति इसकी जांच कर रही है, लेकिन रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं हुई है।

■ ऊर्जा विभाग के सचिव और अध्यक्ष के हलफनामा से कोर्ट संतुष्ट नहीं



### यह है पूरा मामला

जनहित याचिका में दावा किया गया है कि 2021 से 2023 के बीच बस्तर संभाग के विभिन्न गांवों में सरकारी योजनाओं के तहत उपलब्ध धनराशि का दुरुपयोग किया गया। सौर स्ट्रीट लाइट परियोजना में लागत से अधिक मूल्य पर खरीद की गई। आरोप है कि 100 से अधिक गांवों में 3,620 सौर स्ट्रीट लाइट 2,500 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदी गईं, लेकिन प्रति स्ट्रीट लाइट 47,600 रुपए की लागत दिखाकर 17.23 करोड़ रुपए खर्च किए गए। सुकमा जिले में 85 लाख रुपए, जांजगीर में 2.96 करोड़ रुपए, कोंडागांव में 8 करोड़ रुपए और कांकेर में 14.40 लाख रुपए इस परियोजना पर खर्च किए गए। इन सभी जिलों में वित्तीय अनियमितताएं उजागर हुई हैं।

### विधानसभा में भी उठा था मामला

ज्ञात हो कि मीडिया रिपोर्टों और शिकायतों के आधार पर यह मामला विधानसभा में भी चर्चा का विषय बना था। 6 अगस्त 2024 को इसकी जांच के लिए विधानसभा में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई थी। अदालत ने इस समिति से जल्द रिपोर्ट पेश करने कहा है। महाधिवक्ता ने अदालत को यह भी अवगत कराया कि सुकमा जिले में भी इस परियोजना में अनियमितताएं सामने आई हैं और कांकेर जिले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सोमवार 5 मई को छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम (सीवीजेएसए) 2005 (विशेष जन सुरक्षा अधिनियम) के तहत राज्य सरकार की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आदिवासी संगठन-मूलवासी बचाओ मंच (एमबीएम) को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया था।

■ आदिवासी संगठन-मूलवासी बचाओ मंच (एमबीएम) को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया था

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने फैसले में कहा है कि संगठन पंजीकृत नहीं था और वैसे भी, मामला सीवीजेएसए की धारा 5 के तहत गठित सलाहकार बोर्ड के समक्ष समीक्षा के लिए लंबित था। याचिका में कहा गया था कि अधिसूचना जारी होने के बाद, एमबीएम के कई सदस्यों को केवल संगठन से जुड़े होने के कारण गिरफ्तार किया गया है, जिसमें याचिकाकर्ता रघु मिडियामी भी शामिल हैं, जो एमबीएम के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने दावा किया कि संगठन के खिलाफ एक भी ऐसी घटना का आरोप नहीं है, जिसमें यह घोषित किया गया हो कि यह गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल है। महाधिवक्ता ने इस पर जवाब देते हुए कहा है कि किसी भी कार्रवाई से पहले कारण बताए गए हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 की अधिसूचना की ओर इशारा करते हुए कहा कि संगठन माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का लगातार विरोध कर रहा है और आम जनता को भड़का रहा है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि संगठन कानून के प्रशासन में हस्तक्षेप कर रहा है और कानून द्वारा स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा दे रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक व्यवस्था, शांति को भंग कर रहा है और नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। हाईकोर्ट ने दस्तावेजों को देखते हुए कहा कि यह रिपोर्ट गोपनीय दस्तावेज हैं और इन्हें आपको नहीं दिया जा सकता है। अगर राज्य सरकार के पास अपनी खुफिया रिपोर्ट है तो वह कार्रवाई कर सकती है।

## याचिकाकर्ता को प्रमोशन नहीं देना था इसलिए लगाया गया अडंगा, हाईकोर्ट ने सभी लाभ देने कहा

रिटायर अधीक्षिका मंगला शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा याचिकाकर्ता को प्रमोशन नहीं देना था इसलिए विभागीय अधिकारियों ने जानबूझकर अड़ंगा लगाया। याचिका में कहा गया था कि जूनियर आधा दर्जन अफसरों को पदोन्नति दे दी। कभी ग्रेडेशन लिस्ट में विवाद तो कभी पुरानी रिकवरी को कारण बताकर याचिकाकर्ता को जानबूझकर पदोन्नति से वंचित किया गया। याचिका पर कोर्ट ने सचिव समाज कल्याण विभाग को नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि वे 22 नवंबर 2007 को हुई डीपीसी की तर्ज पर समीक्षा डीपीसी बुलाएं, ताकि याचिकाकर्ता के सहायक निदेशक/उप निदेशक, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के पद पर पदोन्नति के मामले पर विचार किया जा सके।

■ आदिवासी संगठन-मूलवासी बचाओ मंच (एमबीएम) को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया था

याचिकाकर्ता मंगला शर्मा ने अपनी याचिका में बताया कि 15 फरवरी 1972 को प्रोबेशन ऑफिसर (क्लास III) के रूप में नियुक्त किया गया था। उसके बाद उन्हें 19 अक्टूबर 1981 को समाज कल्याण विभाग में अधीक्षक, यानी सहायक निदेशक कैडर (राजपत्रित) के पद पर पदोन्नत किया गया, जो उनकी सेवानिवृत्ति यानी 31 मार्च 2017 तक था।

याचिका के अनुसार 2 फरवरी 1999 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में अधीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। बाद में 22 अक्टूबर 2007 को फिर से सहायक निदेशक / उप निदेशक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी आयोजित की गई थी, लेकिन उसके नाम पर उस डीपीसी में भी इस आधार पर विचार नहीं किया गया था कि उनके एसीआरएस उपलब्ध नहीं थे। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 28 अगस्त 2017 को सचिव पंचायत व समाज कल्याण विभाग को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता को उप निदेशक, पंचायत और समाज कल्याण विभाग, रायपुर के पद पर सभी परिणामी लाभों के साथ पदोन्नति के मामले पर विचार करने और निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

## प्रदेशभर की जेलों से लापता हैं 70 बंदी, पैरोल पर छोड़े गए थे, डीजीपी ने पेश किया शपथ पत्र

**बिलासपुर।** कोरोना महामारी के दौरान फैलते संक्रमण को देखते हुए जेल प्रशासन ने अच्छे चाल-चलन वाले कैदियों को पैरोल पर छोड़ दिया था। कोरोना संक्रमण के दौरान कई बार पैरोल की अवधि बढ़ाई गई मगर, अब तक कई कैदी वापस जेल नहीं लौटे हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्ती दिखाई है।

बिलासपुर जेल में इस तरह के 22 बंदी नहीं लौटे हैं तो रायपुर सेंट्रल जेल से सात ऐसे बंदी हैं। उनके स्वजन को बार-बार सूचना देने के बाद भी जब बंदी नहीं लौटे, तो जेल प्रबंधन ने संबंधित थानों को फरार बंदियों की जानकारी दी है। प्रबंधन की मानें, तो थानों में उनके फरार होने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। पैरोल पर गए कैदियों की वापसी नहीं होने के मामले में हाईकोर्ट ने डीजीपी जेल से ताजा रिपोर्ट शपथ पत्र के जरिए पेश करने को कहा था। इसके बाद डीजी जेल की ओर से हाईकोर्ट को जानकारी दी गई कि प्रदेश के पांच सेंट्रल जेलों ने 83 कैदी पैरोल से नहीं लौटे थे, जिनमें 10 को गिरफ्तार कर लिया गया और तीन की मृत्यु हो गई थी। अभी भी प्रदेश भर के जेलों से करीब 70 बंदी पैरोल से छूटने के बाद वापस नहीं लौटे हैं। एक बंदी दिसंबर 2002 से गायब हैं। इनमें अधिकतर बंदी हत्या के प्रकरण में जेल में बंद थे। जेल और पुलिस प्रशासन ने इन बंदियों की कई बार तलाश की, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चला। अब जेल प्रशासन इन बंदियों की वापसी की राह ताक रहा है। सूचना के अधिकार के तहत रायपुर जेल के वारंट अधिकारी ने सात बंदियों के पेरोल पर छोड़े जाने के बाद से नहीं लौटने की जानकारी दी है।

**कोरोना संक्रमण को देखते हुए दी गई पैरोल**-ज्ञात हो कि कोरोना महामारी के दौरान फैलते संक्रमण को देखते हुए जेल प्रशासन ने अच्छे चाल-चलन वाले बंदियों को पैरोल पर भेजा था। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दौरान पैरोल की अवधि कई बार बढ़ाई गई थी। नहीं लौटने वालों में इनकी ही संख्या अधिक है। छत्तीसगढ़ में कुल पांच सेंट्रल जेल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर और अंबिकापुर में हैं।

## सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में भर्ती प्रक्रिया शुरू, शासन की रिपोर्ट पेश

**बिलासपुर।** सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार को शासन ने कोर्ट में बताया कि चार सायकेट्रिस्ट और अन्य स्टाफ की नियुक्ति कि गई है। इसके बाद हाईकोर्ट ने मेंटल हास्पिटल का निरीक्षण करने का निर्देश न्यायमित्रों को दिया है।

सोमवार को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई में शासन ने बताया कि अस्पताल में सायकेट्रिस्टऔर अन्य मिलकर 4 लोगों कि नियुक्ति कर दी गई है। अब भर्ती प्रक्रिया इसी तरह चलती रहेगी। इससे पूर्व राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर रायपुर के अधिवक्ता विशाल कोहली ने अधिवक्ता हिमांशु पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया कि, डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर 1 मनोचिकित्सक होना चाहिए, जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक है। प्रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होने चाहिए।

### डॉक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी

याचिका में यह भी बताया कि, प्रदेश के एकमात्र राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के लिए 11 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनमें से मात्र 3 पद पर ही सायकेट्रिस्ट नियुक्त हैं। इसके अलावा 1 ईएनटी और 1 आर्थोपेडिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है। कोर्ट ने प्रावधान के अनुसार इलाज के लिए प्रदेश में की जा रही व्यवस्था और मानसिक चिकित्सालय में रिक्त पद भरने के लिए क्या किया जा रहा, राज्य शासन को बताने के निर्देश दिए थे। इससे पहले सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या 200 करने, क्लिनिकल सायकोलाजिस्ट, वार्ड बॉय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाओं के लिए हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी थी। पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने कोर्ट में कहा था कि, बिस्तरों की संख्या 200 की जा रही है और डॉक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी।

## किसानों को पता ही नहीं और उनके नाम से करोड़ों का लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में समितियों और किसानों को नकद व खाद के नाम पर वितरण किए गए लोन में लाखों की गड़बड़ी सामने आई है। जिस पर बरमकेला में एफआईआर भी दर्ज की गई है। इस एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी कार्रवाई का भय इस फर्जीवाड़े से जुड़े अधिकारी व समितियों संबंधित कर्मचारियों को सताने लगा है।

हरिभूमि फॉलोअप




■ बरमकेला में हुई एफआईआर के बाद रायगढ़ में भी मचा हड़कंप, अपेक्स बैंक प्रबंधन ने की बर्खास्तगी

इस संबंध में सूत्र बता रहे हैं कि इससे संबंधित लोगों ने वर्ष 2019.2023 तक इस फर्जीवाड़े को लगातार जारी रखा। जानकारी के अनुसार 10.20 रुपए के हलफनामे में कुछ लोगों ने झांखर कोटवारी व चौकीदार को आबंटित की गई भूमि को छिछोर उमरिया कोडपाली पुसौर छपोरा के संबंधित क्षेत्र के पटवारी व राजस्व निरीक्षकों की मिलीभगत से और इस हलफनामे के माध्यम से शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करवाया। पंजीयन करने के बाद इसका खाद बीज और केसीसी से मिलने के वाले लोन सहित सभी लाभ का फायदा हुआ। दरअसल जिस भूमि पर कभी खेती नहीं हुई वहां भी दस्तावेजों में धान की फसल लगा होना बताया गया। जिसके आधार पर ही उन्हें लोन अपेक्स बैंक और संबंधित समितियों से मिलता रहा। यानी सामान्य तौर पर समझें तो जो लोन वास्तविक किसानों को मिलना चाहिए था वह लोन इन हलफनामों में दर्ज फर्जी किसानों को मिलता रहा। जिस पर कुछ कमीशन समितियों सहित अपेक्स बैंक के अधिकारियों को भी जाने की जानकारी मिल रही है। सूत्र बता रहे हैं कि रायगढ़ जिले के 7 विकासखंड में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा खरसिया पुसौर और लैलूंगा में हुआ है।


**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

Head Office Near Gandhi Maidan Raipur (C.G)
Ph. No. 0771-2535780, 90, Fax: 0771-2227395
E-mail:- dc_rmc@rediffmail.com, www.nagarnigamraipur.com

Ref:94/RMC/NNR/2025-26 Raipur, Dated: 02/05/2025

**"CORRIGENDUM"**

This Is in reference to RFP no 167431 Published for appointment of Chartered accountant firm for preparation of books of accounts of Municipal Corporation Raipur.

Following amendments have been made:

| S.no | Existing | Modification |
|---|---|---|
| 1 | The Applicant firm shall have head office in Chhattisgarh. | The applicant firm can have either branch office or head office in Chhattisgarh |

Corrigendum appended herewith shall form part of the bid document. Other clause(s) of the RFP document will stand same

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Add. Commissioner
Raipur Municipal Corporation
Raipur (C.G.)


## प्रेशर आईईडी, एसटीएफ के दो जवान हुए घायल

**जगदलपुर।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल आपरेशन के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एसटीएफ के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती किया गया है।

गौरतलब है कि तेलंगाना-बीजापुर के सरहद स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ में पिछले 14 दिनों से नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। जवान लगातार इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग अभियान चला रहे हैं करेंगुट्टा के पहाड़ में चल रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल आपरेशन में हजारों जवानों की तैनाती की गई है। अभियान के 14वें दिन एसटीएफ के 2 जवान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल रेस्क्यू कर कैम्प में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार जारी है।


**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/486/02/परीक्षा/2025 नवा रायपुर, दिनांक 05/05/2025

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा- 2024 का आयोजन दिनांक 26, 27, 28 एवं 29 जून 2025 की सूचना
विज्ञापन क्रमांक 03/2024/परीक्षा दिनांक 26.11.2024

**राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा- 2024**

**ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि - 06.05.2025 से 05.06.2025**

**ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की तिथि - 06.06.2025 से 07.06.2025**

**मुख्य परीक्षा की तिथि - 26, 27, 28 एवं 29 जून 2025**

01. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 03/2024/परीक्षा दिनांक 26.11.2024 द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2024 के माध्यम से 17 सेवाओं हेतु कुल 246 पद विज्ञापित किए गए थे। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 09/02/2025 को राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा- 2024 का आयोजन प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों में किया गया था। 02. राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा -2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 06.05.2025 ( दोपहर 12:00 बजे) से 05.06.2025 ( रात्रि 11:59 बजे ) तक www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। दिनांक 06.06.2025 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 07.06.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक आवेदक अपने मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे। इस हेतु पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क देय होगा। आवेदक अपने ऑनलाइन आवेदन में केवल एक बार ही निःशुल्क त्रुटि सुधार कर सकेंगे। दिनांक 07.06.2025 के बाद किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा। राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा। (ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु विस्तृत जानकारी ‘परिशिष्ट-एक’ पर संलग्न है।) 03. आवेदन करने हेतु आवेदक क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अथवा UPI के माध्यम से शुल्क भुगतान कर आवेदन कर सकते हैं। 04. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का आवेदन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 हेतु निम्नानुसार आवेदन, परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान करना होगा:-

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए | रुपये 400/- |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों के समस्त आवेदकों को पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क भी देना होगा | |

उपरोक्त आवेदन, परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।
05. मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम राज्य सेवा परीक्षा - 2024 के विस्तृत विज्ञापन जो रोजगार और नियोजन के अंक दिनांक 04.12.2024 में प्रकाशित है। आवेदक उक्त विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके ही ऑनलाइन आवेदन करें। 06. राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा- 2024 की समय सारिणी पृथक से जारी की जा रही है। 07. आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर भी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 की समय-सारिणी उपलब्ध रहेगी।

सही/- परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)

जी. 252600668/2


### आईईडी-डेटोनेटर समेत दो नक्सल सहयोगी पकड़े गए

**नारायणपुर।** डीआरजी बल, बीडीएस टीम एवं नारायणपुर पुलिस ने दो नक्सल सहयोगियों को कुकर आईईडी, डेटोनेटर समेत पकड़ा है। आरोपी कई घटनाओं में शामिल थे। कैम्प कड़ेमेटा से डीआरजी बल एवं पुलिस पार्टी गश्त सर्चिंग वास्ते निकली थी। थाना छोटेडोंगर के ग्राम छोटेबुरगूम के जंगल में रोड किनारे 1 नग कुकर आईईडी मिट्टी में गाड़कर प्लांट किया गया था। 2 संदेही पुलिस को देखकर भागे। घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर बताया गया कि सुकमन कोर्राम एवं बुधराम कोर्राम उर्फ विश्वनाथ निवासी तुशवाल हैं। इनके द्वारा नक्सलियों के कहने पर पुलिस को नुकसान पहुचाने की नियत से बुरगूम रोड किनारे कुकर आईईडी लगाया था। उनकी निशानदेही पर कूकर आईईडी बम बरामद कर मौके पर ही बीडीएस टीम के द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विस्फोटक कुकर आईईडी का नष्टीकरण किया गया।




बिलासपुर
मंगलवार 6 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 45
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 36.1
न्यून. 21.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7
वार्षिक रैंकिंग : भारत वनडे और टी20 का बादशाह...



विचार पेज
2
विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव

# व्यापमं में थोक में परीक्षाएं, मार्च 2026 तक के लिए जारी किया कैलेंडर, पुराने शेड्यूल में नई भर्ती भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मार्च 2026 तक के लिए शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसके पूर्व में व्यापम द्वारा दिसंबर 2025 तक का शेड्यूल जारी किया गया था। मार्च 2026 तक नई भर्तियों के लिए अधिसूचना जारी करने के अलावा पूर्व में जारी किए गए शेड्यूल में भी व्यापम ने नई भर्ती जोड़ी है। जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार, अगले वर्ष शुरुआती तीन माह में 6 भर्ती परीक्षाओं के अलावा एक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात टेट का आयोजन एक फरवरी को होगा।

वर्तमान वर्ष में परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किए जाने के बाद संचालक स्वास्थ्य सेवा द्वारा व्यापम को आवेदन प्राप्त हुआ था। इस आवेदन के आधार पर व्यापम द्वारा फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पर भर्ती की जाएगी। यह परीक्षा 31 अगस्त को होगी। जारी कैलेंडर में फिलहाल केवल संभावित परीक्षा तिथि का ही जिक्र किया गया है। आवेदन तिथि सहित अन्य शेड्यूल बाद में पृथक रूप से जारी होगा।

### नहीं करेंगे पूरे वर्ष इंतजार

व्यापम द्वारा कैलेंडर जारी करने के लिए पूरे वर्ष इंतजार नहीं किया जाएगा। विभागों से भर्ती परीक्षाओं अथवा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्राप्त होते ही शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। अर्थात व्यापम का कैलेंडर वार्षिक रूप से जारी नहीं होगा। सत्र मध्य में भी शेड्यूल जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यदि शैक्षणिक कैलेंडर जारी होने के बाद किसी विभाग से भर्ती के लिए आवदेन प्राप्त होता है तो उसके लिए भी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। कैलेंडर व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।




**जनवरी से मार्च तक 6 भर्ती परीक्षाएं और एक पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा व्यापम**

### पहली तिमाही में होगी ये परीक्षाएं (वर्ष-2026)

| विभाग | परीक्षा | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| छग पर्यावरण संरक्षण मंडल | रसायनज्ञ | 11 जनवरी |
| एससीईआरटी | छग शिक्षक पात्रता परीक्षा | 1 फरवरी |
| एनआरडीए | उप अभियंता-सिविल व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 8 फरवरी |
| मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग | डीटीपी ऑपरेटर एवं अन्य समूह-3 | 1 मार्च |
| मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग | मैकेनिक कम इलेक्ट्रिशियन एवं अन्य समूह-2 | 8 मार्च |
| जल संसाधन विभाग | सहायक मानचित्रकार सिविल | 15 मार्च |
| छग पर्यावरण सरंक्षण मंडल | प्रयोगशाला सहायक ग्रेड-2 | 22 मार्च |

शिक्षक पात्रता परीक्षा एक फरवरी को, पर्यावरण संरक्षण मंडल में भी नई भर्तियां

**पुराने शेड्यूल में जोड़ी गई नवीन परीक्षा (वर्ष-2025)**

| विभाग | परीक्षा | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| संचालक स्वास्थ्य सेवाएं | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 31 अगस्त 2025 |

# झारखंड शराब घोटाला सीबीआई के हवाले छग के अफसर-कारोबारी पर भी केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

**ईओडब्लू द्वारा दर्ज केस में सहयोग नहीं करने पर राज्य सरकार ने की थी सीबीआई जांच की अनुशंसा**

झारखंड की शराब नीति में परिवर्तन कराकर करोड़ों रुपए की गड़बड़ी करने के मामले में ईओडब्ल्यू में दर्ज अपराध की जांच सीबीआई के सुपुर्द कर दी गई है। इस संबंध में राज्य शासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शराब नीति में परिवर्तन कराकर गड़बड़ी करने के मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर सहित झारखंड के आबकारी अफसर तथा अन्य के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने पिछले वर्ष अपराध दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ में घोटाले की पृष्ठभूमि तैयार कर यहीं से डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर झारखंड में शराब सप्लाई करने के साथ घोटाले की योजना छत्तीसगढ़ में बनाए जाने की वजह से ईओडब्ल्यू ने यहां अपराध दर्ज किया था।

शराब घोटाला मामले की जांच करने ईओडब्ल्यू के अफसर झारखंड गए तो वहां के अफसरों ने ईओडब्ल्यू के अफसरों को किसी तरह से सहयोग ⏭शेष पेज 6 पर




### त्रिपाठी कंसल्टेंट अधिकारी नियुक्त

शराब घोटाला करने एपी त्रिपाठी को झारखंड में शराब नीति बनाने कंसल्टेंट आफिसर नियुक्त किया गया। कंसल्टेंट अफसर नियुक्त होने के बाद त्रिपाठी ने सिंडिकेट के माध्यम से शराब आपूर्ति करने की आड़ में जमकर गड़बड़ी की। आबकारी नीति में परिवर्तन कराने झारखंड विधानसभी में रिसोल्यूशन पास कराया गया।

### इनके खिलाफ अपराध दर्ज

ईओडब्ल्यू ने झारखंड शराब घोटाला मामले में जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, उनमें अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी, अनिल टुटेजा, निरंजन दास के अलावा सिद्धार्थ सिंघानिया, विधु गुप्ता, झारखंड के आबकारी सचिव विनय कुमार चौबे, ज्वाइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह तथा अन्य के नाम शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनाई नीति

छत्तीसगढ़ में शराब आपूर्ति करने एजेंसी बनाकर एफएल 10 ए लाइसेंस की तर्ज पर झारखंड में भी उसी तरह की नीति बनाई गई और 1 ए लाइसेंस बनाकर एजेंसी के माध्यम से शराब आपूर्ति करने ठेका दिया गया। इसके लिए झारखंड में पूर्व में जारी ठेका प्रथा को समाप्त किया गया। रायपुर में शराब घोटाला करने के आरोपी झारखंड में सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाला किया। झारखंड में शराब नीति में परिवर्तन करने वहां के अफसरों की रायपुर में मीटिंग आयोजित की गई। इसके साथ ही अफसरों को पैसों का लालच देकर झारखंड में शराब नीति में परिवर्तन कराने का आरोप है।

## देहरादून में बादल फटने से सांग नदी में बाढ़, कई पर्यटक फंसे

# 10 राज्यों में बदली-बारिश, छत्तीसगढ़ में कल से बदलेंगे हालात, चढ़ेगा पारा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

उत्तर भारत में प्री-मॉनसून का असर साफ नजर आ रहा है, जहां पिछले दो-तीन दिनों से कई क्षेत्रों में आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, फरीदाबाद और मथुरा सहित दिल्ली-एनसीआर के कई क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस बीच, उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, करनाल, पानीपत, हिसार, जींद और बिजनौर जैसे क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बिहार में गरज, बिजली ⏭शेष पेज 6 पर

■ मौसम ने ली करवट, कहीं बारिश-कहीं तेज हवा ने बढ़ाई परेशानी

*आधा भारत में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। देश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। कई इलाकों में ओले भी गिर रहे हैं और तेज हवा का कहर भी जारी है। दिल्ली, यूपी से लेकर मध्य प्रदेश, गुजरात, असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान समेत देश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले पांच-छह दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह का रह सकता है। इधर, छत्तीसगढ़ में बुधवार से तापमान में वृद्धि का अनुमान जताया गया है।*



### उत्तराखंड में बारिश

उत्तराखंड के देहरादून शहर के कई हिस्सों में सोमवार को बारिश हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम के तेवर तल्ख होंगे।

### यूपी के मुरादाबाद में भारी बारिश

यूपी के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। सोमवार को मुरादाबाद शहर में लगातार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले एक दो दिनों में मौसम के तेवर तल्ख रह सकते हैं।

### शिमला में बारिश

शिमला, कुल्लू, रामपुर, सोलन, मंडी और सिरमौर में ओलावृष्टि और झमाझम बारिश दर्ज की गई. लाहौल की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में 4 से 6.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलाधिकारियों को खराब मौसम को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन राज्य में भारी बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना है।

### मप्र के कई इलाकों में बारिश

मध्य प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का भयंकर असर दिख रहा है। प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवा चल रही है। सोमवार को कई जगहों पर बारिश हुई। ग्वालियर के कुछ हिस्सों में तेज बारिश हुई।

**INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड**

दिल्ली 133/7 VS हैदराबाद 00/0

बारिश के कारण मैच रद्द

आज का मैच

मुंबई VS गुजरात

समय : शाम 7.30 बजे

*उज्जैन। प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के परिसर में स्थापित वायु गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली में सोमवार को आग लग गई। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

# महादेव सट्टा के आरोपी के साथ फोटो वायरल, टीआई-एसआई पीएचक्यू अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुलिस रिकॉर्ड में फरार सटोरिया के पार्टी में शामिल होने के मामले में फोटो वायरल होने के बाद जामुल के थाना प्रभारी कपिल देव पांडेय और छावनी के तत्कालीन थाना प्रभारी रहे उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर को पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर अटैच कर दिया गया है। डीजीपी अरुण देव गौतम के आदेश ⏭शेष पेज 6 पर

### डीजीपी के आदेश पर कार्रवाई



फरार सटोरिए के साथ पुलिस अफसर की वायरल तस्वीर।

### मामले की हो रही जांच

बहरहाल इस मामले में पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अन्य पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की संभावना बनी हुई है।

*मुख्यमंत्री साय सहित दोनों डिप्टी सीएम, कई मंत्री, सांसद, विधायक सभा में होंगे शामिल*

# केंद्रीय मंत्री शिवराज की 13 को सरगुजा में सभा, प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 13 मई को सरगुजा में बड़ी सभा होगी। इस सभा में प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी। इसी के साथ सरगुजा संभाग को और कई सौगातें भी मिलने की संभावना है। इस सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम सहित सरगुजा संभाग के मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित ⏭शेष पेज 6 पर



### पीएम आवास का निर्माण भी देखने जाएंगे

सरगुजा के जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया, केंद्रीय मंत्री की बड़ी सभा का आयोजन किया गया है। इसी के साथ उनके यहां पर कई और ⏭शेष पेज 6 पर

### सभा में ये होंगे शामिल

सभा में मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा सरगुजा संभाग के मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े के साथ संभाग के दस विधायक, तीन सांसद, आधा दर्जन जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित भाजपा के सभी पार्षद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति का एक और झटका

# अब विदेशी फिल्मों पर 100 फीसदी ट्रंप टैरिफ



एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब देश के बाहर बनी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर रविवार रात को एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को हमारे देश में आने वाली विदेशी जमीन में बनी किसी भी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने लिखा, अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से मर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य देश "फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रोत्साहन दे रहे हैं।

### शेखर कपूर बोले-हॉलीवुड पर होगा असर

भारतीय फिल्मकार शेखर कपूर ने अमेरिका में आयातित फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सोमवार को आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह कदम उल्टा पड़ सकता है। इसके कारण हॉलीवुड फिल्मकार देश छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं। फिल्मकार ने 'एक्स' पर लिखा, इन फिल्मों के बजट का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका के बाहर खर्च किया जाता है।

### ट्रंप ने दो अप्रैल को लगाया था जवाबी टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित कई देशों पर व्यापक पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की। इसके बाद नौ अप्रैल को ट्रंप चीन और हॉन्गकॉन्ग को छोड़कर नौ जुलाई तक टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित करने की घोषणा की थी। क्योंकि लगभग 75 देशों ने व्यापार सौदों के लिए अमेरिका से संपर्क किया था। हालांकि इन देशों पर लगाया गया 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ अभी भी प्रभावी है। इसके अलावा स्टील, एल्युमीनियम और ऑटो कलपुर्जों पर 25 प्रतिशत शुल्क भी लागू है।



## चिंतन

# भारत को लेकर 'उपदेशक' दृष्टिकोण नहीं रखे यूरोप

भारत ने यूरोप को आईना दिखाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल के वर्षों में भारत के प्रति यूरोप के व्यवहार में कथनी व करनी में फर्क को रेखांकित करते हुए दो टूक कहा कि, भारत को व्यवहारिक साझेदार चाहिए, उपदेशक नहीं चाहिए। जब से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से यूरोप भारत पर रूस को लेकर दबाव बनाता रहा है, लेकिन रूस के साथ यूरोप के संबंध में ही दोहरापन रहा है। पहलगाम आतंकी हमले पर भी यूरोप व ब्रिटेन के बयानों में निंदा से अधिक नसीहत है। आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। जयशंकर ने भारत व रूस के बीच यथार्थ की धरातल पर सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उदाहरण देकर यूरोप को उसका अक्स दिखाया कि भारत को लेकर यूरोप का दृष्टिकोण व्यवहारिक होना चाहिए। यूरोप को समझना होगा कि रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने की कोई भी कोशिश विफल ही होगी। यूरोपीस संघ (ईयू) में जर्मनी और फ्रांस बड़े देश हैं। दोनों देश भारत से रूस के खिलाफ सख्त रुख की मांग करते रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों देशों ने भारत से रूस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने रूस के साथ यथार्थवादी रवैया रखा। ये दोनों देश ऐसे हैं, जो खुद रूस से गैस लेते रहे। वर्ष 2023 तक दोनों मुल्कों ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स के रास्ते रूसी गैस खरीदी और भारत को रूस से तेल न लेने की नसीहत दी। जयशंकर ने यूरोप के इसी तरह के दोहरे रवैये की पोल खोली। पहलगाम हमले पर यूरोप के एक बड़े पक्ष की चुप्पी या फिर संयम बरतने की नसीहत भारत को नागवार गुजरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों के कायराना हमले में 26 पर्यटक समेत 27 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में ऑपरेशनल दरेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा के छद्म गुट हैं। इसके बाद भी यूरोप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा और पीड़ित भारत के प्रति समर्थन में उदारता नहीं देखी गई। यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की नेता काजा कैलास ने 2 मई को अपने बयान में भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद ईयू के ये बयान पाकिस्तान की ओर ज्यादा झुका हुआ है। यूरोप की ये पुरानी समस्या रही है कि वह हमलावर और पीड़ित में फर्क नहीं कर पा रहा है। अगर यूरोप भारत की सुरक्षा चिंताओं की परवाह नहीं करेगा, भारत के ट्रेड हितों की अनदेखी करेगा, तो भारत यूरोप का उपदेश क्यों सुनेगा। यूरोपीय संघ से अलग ब्रिटेन ने भी यूक्रेन व रूस जंग में तटस्थ रहने पर भारत की आलोचना की थी। यूक्रेन पर हमले के बाद बोरिस जॉनसन ने भारत से रूस से रिश्ते तोड़ लेने की अपील की थी, जबकि 21वीं सदी का भारत औपनिवेशिक काल से काफी आगे निकल चुका है। भारत का स्वतंत्र व गुटनिरपेक्ष विदेश नीति है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप खुद ही यूक्रेन युद्ध पर एक्सपोज हो चुका है। यह सही है कि यूरोप के अधिकांश देशों से दशकों से भारत के बेहतर रिश्ते हैं, पर यूक्रेन व रूस से जंग के बाद यूरोप के तेवर भारत के प्रति भूराजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक व्यापार के नजरिये से व्यवहारिक नहीं थे। इस जंग को लेकर ट्रंप के बदले रुख से यूरोप बैकफुट पर आ गया है, वह जंग समर्थक दिख रहा है, जबकि उसे जंग को समाप्त कराने की दिशा में प्रयासरत दिखना चाहिए। यूरोप को अपनी कथनी व करनी को लेकर आत्मचिंतन करना चाहिए।

## भोपाल कांड

डॉ. मोनिका शर्मा



# शोषण के भयावह दुष्चक्र को तोड़ने में सजगता आवश्यक

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कॉलेज में छात्राओं के शारीरिक शोषण और फिर ब्लैकमेलिंग की घटना से जुड़े सभी पहलू भयावह हैं। ध्यातव्य है कि आरोपियों ने न केवल योजनागत रूप से अंजाम दिए गए अपने कुत्सित कर्मों को स्वीकार कर लिया है, बल्कि उनके मोबाइल और लैपटॉप में इसके सबूत भी सामने आए हैं। फोन में अश्लील वीडियो में 10-15 लड़कियों के वीडियो मिले हैं। शोषण के चक्रव्यूह में सोच-समझकर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका शोषण करने के बाद ब्लैकमेल कर जिम्मफरोशी के धंधे में धकेलने की बात सामने आई है। बाकायदा गिरोह बनाकर छात्राओं का शोषण करने वालों के इस समूह में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि कई आरोपी अभी फरार हैं। मामला मध्यप्रदेश के कई शहरों और कोलकाता एवं बिहार तक फैला है। देशभर के परिवारों को भयभीत करने वाले इस मामले में सामने में आया है कि पहले पहचान छिपाकर सहज मित्रता की गई। बाद में शारीरिक संबंधों का वीडियो बना डरा-धमकाकर शोषण का सिलसिला जारी रखा गया। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को नशा देकर उनके अश्लील वीडियो निकाले गए। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानसिक रूप से कमजोर करने और अपने नियंत्रण में रखने के लिए कई लड़कियों को जान बूझकर नशे की लत लगाई गई। ज्ञात हो कि यह कांड सामने आने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हाल के बरसों में तय रणनीति तहत स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ जालसाजी और शोषण के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के ब्यावर में 6 नाबालिग बच्चियों को ब्लैकमेल कर देह शोषण और धर्म बदलने का दबाव बनाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। भोपाल में हुए इस मामले में भी शारीरिक शोषण के अलावा कई दुर्भाव भरी हरकतें की गईं। पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर अपने दोस्तों से मिलने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िताओं के मुताबिक नशा करने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। बुर्का पहनकर तस्वीर भेजने को विवश किया गया। लड़कियों ने ऐसी तस्वीरें भेजी भी हैं, जिनसे जुड़े चैट्स आरोपियों के फोन से मिले हैं। इतना ही नहीं शारीरिक शोषण के वीडियो विदेश में बेचे जाने का भी आरोप है। मामले से जुड़ी इन बातों पर गौर करने से पता चलता है कि ऐसी सुनियोजित साजिश केवल शारीरिक शोषण का मामला नहीं है। आपराधिक मानसिकता के पीछे दुर्भाव भरी स्याह सोच भी मौजूद है। यही पक्ष ऐसी घटनाओं की भयावहता को और बढ़ा देता है। दरअसल, झूठ की बुनियाद पर मित्रता और फिर शोषण के अंधकार में धकेलने के ऐसे मामले समग्र समाज को चिंता में डालते हैं। आपसी भरोसे के रीतने का परिवेश बनाते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाले हमारे देश में छात्राओं के साथ हुई यह धोखाधड़ी कई मोर्चों पर सोचने को विवश करती है। तकनीक के गलत इस्तेमाल से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता के हनन से जुड़े प्रयास तक ऐसी घटनाएं समाज में दरार डालने का भी काम करती हैं। ज्ञात हो कि आरोपियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। देश के हर परिवार को स्तब्ध कर देने वाले इस मामले में कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। साथ ही बेटियों के स्वजनों को भी सजग रहने दरकार है। ऐसी घटनाएं समय रहते घर की बेटियों के मन-मस्तिष्क को सही दिशा देने का पहलू भी लिए हैं। बेटियां शोषण के किसी दुष्चक्र में फंस जाने पर पहले ही पड़ाव पर अपनी परेशानियां साझा कर सकें, इतना भरोसा तो परिवारजन अपनी बेटी को अवश्य दें। नकली पहचान के साथ बहला-फुसलाकर शोषण करने के ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों, अभिभावकों और प्रशासनिक अमले की साझी कोशिशें ही कारगर हो सकती हैं। इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए समग्र समाज की सजगता आवश्यक है।

((लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



टैरिफ वार आर्थिकी

प्रो. अश्वनी महाजन

# विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में, 8 अप्रैल, 2025 को 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रंप ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम 'दंडात्मक टैरिफ' भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाज़ारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।' हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है।

चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण का ज्वलंत उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1,732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा; इसलिए, चीन अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन



होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है। चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाज़ारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद, ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। इस संदर्भ में अमेरिकी सीनेट ने दो विधेयक पेश किए हैं, नीदर परमानेंट नॉर नार्मल ट्रेड रिलेशंस अधिनियम (पीएनटीआर अधिनियम) और एक्सिंग नॉन मार्केट टैरिफ इवेजन एक्ट (एएनटीई अधिनियम)। पहला पीएनटीआर चीन से आयात पर केंद्रित है और दूसरा एएनटीई अन्य देशों में माल का उत्पादन करने वाली चीनी फर्मों को लक्षित करता है, जबकि पीएनटीआर अधिनियम चीन से सीधे आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा और एएनटीई अधिनियम वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों से आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा, इसलिए नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है, जिनसे चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। भारत द्वारा चीनी डंपिंग को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों के बावजूद, चीनी आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4% बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7% घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

चीनी डंपिंग को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें न केवल चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा। जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क या सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तो चीन ने इसे टालने की कोशिश की है। उत्पाद संशोधन, अवशोषण, परिहार, या और कई अन्य तरीके। चीन भी आसियान और अन्य देशों के माध्यम से अपने माल को पुनः भेज रहा है। चीनी सामानों पर अंकुश लगाने के नई दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए, चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित

दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी है



संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सुगबुगाहट

बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव प्रचार के लिए हर पार्टी के नेता मैदान में डटे हुए है। बिहार में एनडीए की सरकार है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार भी सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। चुनाव का बिगुल बजते ही पार्टियां हमलावर हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में विकास ,कानून व्यवस्था और भाईचारा चाहिए, वो मिल रहा है। नीतीश कुमार के राज में विकास की गंगा बह रही है।उधर, कांग्रेस ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संविधान बदलना चाहते है। प्रोपोगेंडा फैलाना कांग्रेस को पहले भी भारी पड़ा था। कांग्रेस के पास वैसे भी सत्तारूढ़ सरकार को घेरने के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस पिछले सभी चुनावो में जीरो पर अटकी हुई थी। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



बिहार में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाए और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में



प्रेस की स्वतंत्रता अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन कर सकती है- या इसे दबा सकती है। पक्षपातपूर्ण एल्गोरिदम, सरासर झूठ और नफ़रत फैलाने वाले भाषण इंटरनेट पर बारूदी सुरंग हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### पाक की हिम्मत



पाक आतंकवादियों ने हमारे 26 निर्दोष लोगों को मार दिया, सबने एक आवाज में कहा "मोदीजी घर में घुसकर आतंकवादियों को मारो पीओके वापस लो।" मोदीजी बिहार चुनाव में व्यस्त हो गये। पाक की हिम्मत देखिए वो एलओसी फायरिंग कर रहा है।

-संजय सिंह, आप नेता

### कोशिश करें, आगे बढ़ें



अगर आपको नहीं पता कि आप क्या चाहते हैं तो यह पता लगाना आपका मिशन होना चाहिए। स्पष्टता सोचने से नहीं आती, यह काम करने से आती है। गलत रास्ता भी आपको अटके रहने से कहीं ज़्यादा सिखाएगा। कोशिश करें। आगे बढ़ें। सीखें। मदद करें। कुछ करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत मिले



पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिमी शहर पाटाज़ में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें वर्तमान में मारे गए 13 श्रमिक भी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# क्या विटामिन डी से रोका जा सकता है कोलोरेक्टल कैंसर




कम विटामिन डी स्तर को लंबे समय से कोलोरेक्टल कैंसर होने के उच्च जोखिम से जोड़ा जाता रहा है। विटामिन डी के कम रक्त स्तर वाले लोगों में उच्च स्तर वाले लोगों की तुलना में सीआरसी होने का जोखिम 31 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह, एक अन्य अध्ययन में विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में सीआरसी जोखिम 25 प्रतिशत कम होने की बात सामने आयी। सबसे अधिक विटामिन डी का सेवन करने वाली महिलाओं में सबसे कम सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम 58 प्रतिशत कम था। विटामिन डी सूर्य के प्रकाश की प्रतिक्रिया में त्वचा में संश्लेषित होता है और पूरे शरीर में पाए जाने वाले विटामिन डी रिसेप्टर्स (वीडीआर) के माध्यम से अपने जैविक प्रभाव डालता है, जिसमें बृहदान्त्र ऊतक भी शामिल है। सक्रिय होने पर, ये रिसेप्टर सूजन, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और कोशिका वृद्धि से संबंधित जीन गतिविधि को विनियमित करने में मदद करते हैं जो कैंसर होने की मुख्य प्रक्रियाएं होती हैं। प्रीक्लीनिकल अध्ययनों से पता चला है कि विटामिन डी (कैल्सीट्रिऑल) का सक्रिय रूप सूजन को दबा सकता है।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## बदल गया चिनाब नदी का नजारा

जहां रहता था 25-30 फीट पानी, वहां अब महज 2-3 फीट ही पानी शेष



बगलिहार बांध, रामबन

# 'सूख' गया चिनाब... पाकिस्तान पर वॉटर स्ट्राइक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने बगलिहार और सलाल बांध के पूरी तरह बंद कर बाद पाकिस्तान पर वॉटर स्ट्राइक कर दी है। चिनाब नदी के वॉटर लेवल में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जहां कभी 25-30 फीट पानी बहता था अब वहां महज 2-3 फीट ही शेष है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चेनाब नदी पर सलाल बांध के सभी द्वार बंद कर दिए गए थे, जिसके बाद नदी का जल स्तर कम दर्ज किया गया। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर के ही रामबन जिले में चेनाब नदी पर स्थित बगलिहार बांध का भी पानी का प्रवाह रोका गया। इसके बाद वहां भी सोमवार को जलस्तर काफी कम हो गया।



सलाल बांध, रियासी

## वीडियो बनाते दिखे लोग

जलप्रवाह कम होने पर कई स्थानों पर सैकड़ों लोग पैदल चिनाब नदी पार करते हुए वीडियो बनाने के लिए उमड़ पड़े। नदी में कई उत्सुक स्थानीय लोगों ने टखने तक गहरे पानी में सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के भी तलाशने शुरू कर दिए। इधर, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को लोगों को जम्मू के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी को पैदल पार न करने की चेतावनी दी। पुलिस अधिकारी ने लोगों से बाहर निकलने का अनुरोध करते हुए कहा, "जलग्रहण क्षेत्र में बारिश हुई है और अचानक जल-स्तर बढ़ने की आशंका है।'



**यह कहा लोकल लोगों ने :** स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कभी भी जल प्रवाह में इस स्तर तक गिरावट नहीं देखी। स्थानीय निवासी अंकुर शर्मा ने कहा, "संधि के निलंबन से सरकार को पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए बाढ़ और सूखे जैसे चक्र को शुरू करने का मौका मिल गया। अखनूर में स्थानीय व्यक्ति रामसुर शर्मा ने कहा कि मैं 75 साल का हूं, लेकिन यह पहली बार है जब मैंने देखा है कि चिनाब नदी का पानी रोका जा सकता है। वहीं स्थानीय निवासी कल्याण सिंह ने कहा, 'मैं आज चिनाब के किनारे आया था। मैंने यहां पर देखा यहां पर जो पानी है। कम से कम 25 से 30 फुट बहता था और आज इसमें महज डेढ़ से दो फुट पानी ही बचा हुआ है।

## पुंछ में सेना का एक्शन, आईईडी और वायरलेस सेट बरामद



**पुंछ।** अधिकारियों के अनुसार, सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान में ठिकाने से पांच आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद किए गए। यह बरामदगी पहलगाम में 26 लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए बड़े पैमाने पर की जा रही तलाशी के बीच हुई है। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान में पुंछ के सुरनकोट के जंगली इलाके में आतंकियों के छिपे ठिकाने का पता लगाया। सूत्रों के अनुसार, बरामद किए गए आईईडी में, तीन टिफिन बॉक्स में और दो स्टील की बाल्टियों में छिपाए गए थे।

### बीएसएफ ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच तनाव बढ़ गया है। पंजाब के गुरदासपुर से सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पाकिस्तानी युवक गुंजरावाला का रहने वाला है, उसके पास से कुछ रुपए और आईडी कार्ड बरामद हुआ है। बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक को 3 मई 2025 को रात 23:10 बजे उस वक्त गिरफ्तार किया जब वो भारतीय सीमा में घुस रहा था, तभी जवानों की नजर उस पर पड़ी और उसे धर दबोचा।

## खुफिया जानकारी लीक होने की आशंका

# भारत की डिफेंस वेबसाइटों पर पाकिस्तान का साइबर अटैक!

*पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच भारतीय सेना ने जानकारी दी है कि पाकिस्तानी हैकर्स ने भारत की अहम डिफेंस वेबसाइट्स को निशाना बनाया है और रक्षा कर्मियों की गोपनीय जानकारी लीक होने की आशंका है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेना के अनुसार, 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' नाम के एक एक्स हैंडल ने मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज (एमईएस) और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के डाटा में सेंधमारी की है। इस साइबर हमले में रक्षा कर्मियों के लॉगिन क्रेडेंशियल्स सहित कई गोपनीय जानकारियों के लीक होने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा यह भी रिपोर्ट किया गया है कि ग्रुप ने रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई 'आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड' की आधिकारिक वेबसाइट को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस वेबसाइट को पाकिस्तानी झंडे और एआई का उपयोग कर के बिगाड़ा गया।

**खास बातें**

- 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' नाम के एक एक्स हैंडल की करतूत
- एमईएस और आईडीएसए के डाटा में की है सेंधमारी




**वेबसाइट को किया गया ऑफलाइन :** भारतीय सेना ने कहा कि एहतियातन, 'आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड' की वेबसाइट को फिलहाल ऑफलाइन कर दिया गया है ताकि वेबसाइट की पूरी जांच की जा सके और यह आकलन किया जा सके कि इस साइबर हमले से कितना नुकसान हुआ है। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जा सके कि वेबसाइट की सुरक्षा बनी रहे।

**साइबर स्पेस की निगरानी कर रहीं एजेंसियां :** साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एजेंसियां साइबर स्पेस पर कड़ी नजर रखे हुए हैं ताकि पाकिस्तान से जुड़े किसी भी संभावित खतरे या प्रायोजित साइबर हमले की तुरंत पहचान की जा सके और उससे निपटा जा सके। सेना ने कहा कि यह निगरानी भविष्य के किसी भी खतरे को तुरंत पहचानने और उसे रोकने के उद्देश्य से की जा रही है।

### अलर्ट पर भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियां

*साइबर हमले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और ऐसे किसी भी संभावित हमले पर नजर रख रही हैं, जो पाकिस्तान से जुड़े ग्रुप्स द्वारा प्रायोजित हो सकते हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।*

### इधर, भारत ने पाक के भड़काऊ अकाउंट को किया बैन

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एक और सख्त कदम उठाते हुए दो न्यूज पोर्टल्स बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर कार्रवाई के तहत भारत ने पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट्स पर भी भारत में रोक लगाई थी। ख्वाजा आसिफ भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी और परमाणु हमले की धमकी देने के लिए चर्चा में थे। इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख यूट्यूब चैनलों, जैसे डॉन न्यूज, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, जियो न्यूज, समा स्पोर्ट्स, इरशाद भट्टी, जीएनएन, और क्रिकेटर शोएब अख्तर के चैनल को भी प्रतिबंधित किया है।

## खालिस्तानियों ने फिर निकाली हिंदू विरोधी परेड, नए पीएम कार्नी पर उठे सवाल

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

कनाडा के टोरंटो शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां हिंदू विरोधी परेड निकाली गई है। यह परेड ऐसे समय में आयोजित की गई, जब कनाडा के हालिया चुनाव में मार्क कार्नी ने जीत हासिल कर दोबारा पीएम पद संभाला है। इससे पहले जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत के साथ कनाडा के रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहे थे, और अब इस परेड ने नए पीएम के नेतृत्व पर भी सवाल खड़ा कर दिया है। इस खालिस्तानी समर्थक कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पुतलों को पिंजरे में बंद करके प्रदर्शित किया गया। परेड में नारे लगाए गए कि यह प्रदर्शन पंजाब की आजादी के लिए है।

**खास बातें**

- 8 लाख हिंदुओं को कनाडा से निकालने की मांग
- मोदी-शाह के पुतलों को कैदी बनाकर घुमाया



**कनाडाई पत्रकार ने शेयर किया वीडियो :** कनाडाई पत्रकार डैनियल बोर्डमैन ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें टोरंटो के मलटन गुरुद्वारे में हुई कथित 'हिंदू विरोधी परेड' दिखाई गई है। इस वीडियो के बहाने बोर्डमैन ने कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार से सवाल पूछा है कि क्या वे पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरह ही खालिस्तानियों के प्रति नरमी बरतेंगे या सख्त रुख अपनाएंगे?

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा संशोधन सूचना**

क्र.15/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 05/05/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा DEVELOPMENT OF SHREE RAM SETU BRIDGE, BILASPUR (C.G.) हेतु द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 136/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 01/05/2025 सिस्टम टेंडर नं. 167725 अनुमानित लागत राशि रु. 263.13 लाख जारी किया गया है। उक्त अनुमानित लागत राशि रु. 263.13 लाख के स्थान पर अनुमानित लागत राशि रु. 255.07 लाख पढ़ा जावे।

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.




*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम क़ीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur**: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, 419333 • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291. Authorised Service Centre: Akaltara 9300672917, Bagicha 8889105139, Bagbahar 9340462499, Balangi 8319938652, Baloda 9926165736, Baramkela 9329337258, Balrampur 6261982600, Baradwar 9131988365, Batouli 7879992145, Bhaiyathan 8717818700, Bishrampur 7441143400, Chakarbhata 7415967052, Churcha 7828109004, Jaijaipur 9098505388, Jarhi 8959616468, Kansabel 9993641010, Katghora 9893315098, Kharsia 7771078078, Kota 9424158177, Kusmi 07693929918, Kusmunda 7000813077, Lailunga 9424187790, Manendragarh 9893808250, Nawagarh 9981550386, Pali 7489606177, Pathalgaon 9424180227, Pendra 8109692873, Pratappur 7509007575, Pussore 9993222334, Pathariya 7987188192, Rahod 9926909427, Rajpur 7000810536, Ramanujganj 9977907755, Ratanpur 9399998235, Sargaon 7089006614, Shakti 9300624147, Saranggarh 9300566800, Seepat 9926569656, Surajpur 8319944087, 9302672400, Takhatpur 9893742811,Seorinarayan-9926907321, Sitapur 8109861007, Wadrafnagar 750900664, Shrinagar 7987897837.

## खबर संक्षेप

### एयरटेल की बी2बी इकाई ने बीएनडी पेश की




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल की बी2बी इकाई (कंपनी द्वारा व्यवसायों को दी जाने वाली सेवा) ने सोमवार को उद्यमों के लिए 'बिजनेस नेम डिस्प्ले' पेश करने की घोषणा की। जिसकी मदद से अगर कोई उद्यम आउटगोइंग कॉल करेगा, तो जिस व्यक्ति को कॉल की गई है, उसकी स्क्रीन पर उस उद्यम का ब्रांड नाम दिखाई देगा।

### अकासा एयर ने बेडे में बोइंग 737 मैक्स-8 किया शामिल



**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर ने अपने बेड़े में एक और बोइंग 737 मैक्स-8 विमान को शामिल करने की सोमवार को घोषणा की। इससे उसके बेड़े में इन विमान की संख्या बढ़कर 28 हो गई। बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान एक मई को आइसलैंड के रास्ते अमेरिकी विमान प्रमुख की सिएटल सुविधा से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा।

### रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के चलते सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.10 के दिन के उच्चतम स्तर और 84.47 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा।

# हुंडई की क्रेटा पहले भी नंबर 1 थी, अब भी! इस कार को टक्कर देने वाला कोई नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- 2025 के पहले चार महीनों में 69,914 यूनिट्स का उत्पादन हुआ

हुंडई के लिए भारतीय बाजार में क्रेटा अब तक का सबसे सफल मॉडल है। यह कॉम्पैक्ट सी-सेगमेंट एसयूवी लगभग एक दशक से हुंडई का सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल है। और यह अभी भी बाजार में अपनी पकड़ बनाए हुए है। लगातार दूसरे महीने, हुंडई क्रेटा देश का सबसे ज्यादा बिकने वाला पैसेंजर व्हीकल बन गया है। मार्च में भी क्रेटा सेल में नंबर 1 थी और अप्रैल में भी ये टॉप पर रही। इस साल अप्रैल में, हुंडई ने देशभर में 17,016 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की, जिससे एनुअल ग्रोथ दर 10.2 प्रतिशत रही। अप्रैल 2024 में, दक्षिण कोरियाई कार निर्माता ने 15,447 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की। मार्च 2025 में, हुंडई ने डीलरशिप्स को 18,059 यूनिट्स एसयूवी की डिलीवरी की।

*पैसेंजर व्हीकल वॉल्यूम का 70.9 प्रतिशत : इसके साथ, हुंडई के एसयूवी का हिस्सा उसके कुल पैसेंजर व्हीकल वॉल्यूम का 70.9 प्रतिशत हो गया है। इसे अन्य मॉडलों जैसे वेन्यू, एक्सटर, अल्काजार और टक्सन ने भी समर्थन दिया है। पहली बार 2015 में लांच हुई, हुंडई ने भारत में 1.2 मिलियन से अधिक यूनिट्स क्रेटा का उत्पादन किया है।*

*तीन इंजन विकल्पों के साथ : हुंडई क्रेटा तीन इंजन विकल्पों के साथ आती है। 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल यूनिट, 1.5-लीटर डीजल यूनिट, और 1.5-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल यूनिट। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड ऑटोमैटिक, आईवीटी और 7-स्पीड डीसीटी ऑटोमैटिक यूनिट शामिल हैं।*

## हुंडई क्रेटा भारतीय बाजार में सबसे सफल मॉडल

### हमारे लिए गर्व की बात

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, तरुण गर्ग, वाइस प्रेसिडेंट और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल), ने कहा: "भारतीय बाजार में हुंडई क्रेटा की निरंतर प्रभुत्व भारतीय ग्राहकों द्वारा ब्रांड पर रखे गए विश्वास और प्यार का प्रतिबिंब है। लगातार दो महीने तक सभी सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाली कार और 2025 के पहले चार महीनों में उद्योग में सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी होना हमारे लिए गर्व की बात है।"




### फेसलिफ्टेड क्रेटा

अब दूसरे जनरेशन में, हुंडई ने पिछले साल जनवरी में फेसलिफ्टेड क्रेटा लांच की थी। इसमें पिछले मॉडल की तुलना में कई डिजाइन और फीचर अपग्रेड्स शामिल थे। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, 10.25-इंच टचस्क्रीन, 10.25-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, कनेक्टेड कार टेक, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक विद ऑटो होल्ड फंक्शनलिटी, 360-डिग्री कैमरा, छह एयरबैग्स, और लेवल 2 एडीएएस जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

### रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# तनाव बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर पड़ेगा असर, भारत अपेक्षाकृत रहेगा अछूता : मूडीज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं।




*भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है।*



### भारत की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 0.5 से भी कम

वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के पर्यटकों पर किए हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है ।

### पाक की आर्थिक स्थिरता बाधित होगी

मूडीज ने कहा, " भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।" इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है।

### आईएमएफ वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन करेगा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी बोर्ड नौ मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है, जिसमें जलवायु परिवर्तन ऋण कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की नई वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर के 'राहत' पैकेज का भी मूल्यांकन करेगा।

### भारत आईएमएम से पाक को दिए धन की जांच के लिए कहेगा

सूत्रों ने बताया कि भारत आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन व ऋण की फिर से जांच करने के लिए कहेगा। मूडीज ने कहा कि भारत में वृहद आर्थिक स्थितियां स्थिर रहेंगी, जो मजबूत सार्वजनिक निवेश तथा स्वस्थ निजी खपत के बीच धीमी लेकिन अब भी उच्चस्तर की वृद्धि से मजबूत होंगी।

- पाक का विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है
- पाकिस्तान की वृद्धि दर भी हो सकती है प्रभावित
- भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई व्यवधान नहीं आएगा

*पाक के लिए बाहरी धन जुटाना होगा कठिन : मूडीज ने कहा, " तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की बाह्य वित्तपोषण तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।"*

*भारत के राजकोषीय ताकत पर भार पड़ेगा : रेटिंग एजेंसी ने कहा, " स्थानीय तनाव में निरंतर वृद्धि के परिदृश्य में, हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधान के आसार नहीं देखते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। हालांकि, उच्च रक्षा खर्च संभावित रूप से भारत की राजकोषीय ताकत पर भार डालेगा और इसके राजकोषीय समेकन को धीमा कर देगा।"*

# एप्पल इंडिया की बिक्री मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- साइबर मीडिया रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट
- भारतीय बाजार में चीनी स्मार्टफोन वीवो का रहा दबदबा

भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान इसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई।

साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत के समग्र स्मार्टफोन बाजार में सबसे अधिक 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके साथ ही भारतीय स्मार्टफोन बाजार में इसमें अपना दबदबा कायम रखा। वहीं दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय बाजार में दूसरे और शाओमी 13 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिपोर्ट के मुताबिक, शाओमी की हिस्सेदारी में सालाना आधार पर शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से सबसे अधिक 37 प्रतिशत की गिरावट आई। यह किफायती और 'वैल्यू-फॉर-मनी' स्मार्टफोन दोनों खंडों में चुनौतियों को दर्शाती है। ओप्पो स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ी और इसकी बाजार हिस्सेदारी 12 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं मोटोरोला ने सालाना आधार पर 53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में भारत में 5जी स्मार्टफोन की आपूर्ति कुल बाजार का 86 प्रतिशत रही।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट संशोधित निविदा सूचना**

क्रं. 01/न.पा.नि./जोन क्रं.05/2025-26 दिनांक 05/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 27.05.2025 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड /सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 167639 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 एवं 40 के छोटे प्रकृति के भवन, बाउड्रीवाल एवं अन्य मरम्मत कार्यों हेतु (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु) | 20.00 | 27 / 05 / 2025 |
| 167640 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 एवं 40 के विभिन्न जगहों पर आवश्यकतानुसार समय समय पर नाली, स्लैब एवं अन्य मरम्मत कार्य हेतु (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु) | 20.00 | 27 / 05 / 2025 |
| 167641 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 एवं 40 के विभिन्न जगहों पर आवश्यकतानुसार समय समय पर सी सी सड़क पैंच रिपेयरिंग एवं अन्य कार्यों हेतु (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु) | 19.99 | 27 / 05 / 2025 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
न.पा.नि बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

# चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में कुल 1.5 प्रतिशत तक कटौती संभव

- एसबीआई रिसर्च के एक अध्ययन में कहा गया
- केंद्रीय बैंक को रेपो में आधा फीसदी की कटौती करनी चाहिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति को काबू में रखने के साथ ही नीतिगत दरों में कुल 1.25-1.5 प्रतिशत तक कटौती कर सकता है। एसबीआई रिसर्च के एक अध्ययन में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

इसमें सुझाव दिया गया कि केंद्रीय बैंक को रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती करनी चाहिए, क्योंकि यह अधिक प्रभावी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में तेज गिरावट हुई है और यह मार्च, 2025 में 67 महीने के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई है। खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी से सुधार के चलते ऐसा संभव हो सका। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की 'मुद्रास्फीति और दर कटौती प्रक्षेप पथ' शीर्षक वाली शोध रिपोर्ट में कहा गया।

### मैरिको ने दो साल के लिए बढ़ाया सीईओ का कार्यकाल

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का घरेलू समान अनाने वाली कंपनी मैरिको ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौगत गुप्ता का कार्यकाल अगले दो साल के लिए बढ़ा दिया है। मैरिको के पास सफोला, पैराशूट और लिवॉन जैसे लोकप्रिय ब्रांड का स्वामित्व है। 2007 में भारत के कारोबार के सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया था।

### ओबेरॉय रियलटी ने 970 करोड़ रुपए के लक्जरी अपार्टमेंट बेचे

**मुंबई।** ओबेरॉय रियल्टी ने घरों की मजबूत मांग के बीच मुंबई के गोरेगांव में अपनी एकीकृत टाउनशिप परियोजना में 970 करोड़ रुपये के लक्जरी अपार्टमेंट बेचे हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने 30 अप्रैल को गोरेगांव में अपनी टाउनशिप परियोजना 'ओबेरॉय गार्डन सिटी' में 'एलिसियन टॉवर डी' की पेशकश की है।

**दिनांक 22 मार्च 2025 को प्रकाशित आम सूचना का विधिक खंडन एवं आपत्ति**

मैं, रेव्ह. अतुल आर्थर, निवासी सुमन निकेतन, पेंड्रारोड़, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़), दिनांक 22 मार्च 2025 को हरिभूमि (बिलासपुर संस्करण) में श्री नितिन लॉरेंस, सचिव – छत्तीसगढ़ डायोसिस रायपुर एवं यूनाइटेड चर्च ऑफ नॉर्दर्न इंडिया, मुंबई द्वारा मेरे तथा मेरी धर्मपत्नी रेव्ह. श्रीमती भावना आर्थर के संबंध में प्रकाशित की गई आम सूचना का विधिक रूप से खंडन करता हूं एवं इस पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराता हूं।उक्त आम सूचना पूर्णत: झूठे, मनगढ़ंत, भ्रामक तथ्यों पर आधारित है, जो एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत हमारी प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने, समाज में अपमानित करने एवं जनमानस को गुमराह करने की मंशा से प्रकाशित की गई है। इस प्रकार की विधि-विरुद्ध एवं दुर्भावनापूर्ण सूचना से मेरी एवं मेरे परिवार की सामाजिक, धार्मिक एवं वैधानिक प्रतिष्ठा को गम्भीर क्षति पहुँची है, जो सीधे-सीधे मानहानि की श्रेणी में आती है।इस सन्दर्भ में, मेरे वकील द्वारा श्री नितिन लॉरेंस एवं अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (Bharatiya Nyaya Sanhita) की धारा 356(1) एवं 356(2) के अंतर्गत विधिक नोटिस जारी कर दिया गया है, जिसमें उन्हें मानहानि एवं आपराधिक षड्यंत्र के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है। आज दिनाँक तक मेरे नोटिस का कोई जवाब नही दिया गया न ही नोटिस की मांग पूरी की गई है, अत: माननीय न्यायालय के समक्ष आवश्यक आपराधिक एवं दीवानी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ डायोसिस द्वारा हमें पासवानी सेवा से हटाए जाने हेतु कोई वैध या संवैधानिक आधार प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसी प्रकार, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया अथवा छत्तीसगढ़ डायोसिस व सीएनआई को हमारे ऑर्डिनेशन को निरस्त करने का कोई विधिसम्मत या धार्मिक प्रावधान है ही । इसके अतिरिक्त, संस्था एवं संपत्ति के लेन-देन से संबंधित लगाए गए आरोप पूर्णत: मिथ्या, निराधार एवं आपराधिक दुर्भावना से प्रेरित हैं, जिन्हें एक सिरे से नकारा जाता है।यह भी स्पष्ट किया जाता है कि श्री नितिन लॉरेंस पूर्व में भी झूठी शिकायतें एवं ब्लैकमेलिंग जैसी गंभीर गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं, जिनके संबंध में माननीय न्यायालय में वाद विचाराधीन हैं, इनके द्वारा मुझे व मेरे परिवार को झूठे केस में फसाने व जान से मारने की धमकी की शिकायत मेरे द्वारा पूर्व में ही दिनाँक 21.02.2025 को पुलिस अधीक्षक जीपीएम को की गई है, व छत्तीसगढ़ डायोसिस के एजुकेशन बोर्ड के विरुद्ध फर्म एवं सोसायटी में केस दर्ज किया हु, जिससे ही क्षुब्ध होकर भ्रामक आमसूचना जारी किया गया है ।अत: दिनांक 22 मार्च 2025 को प्रकाशित उक्त आम सूचना का मैं कठोर शब्दों में खंडन करता हूं एवं श्री नितिन लॉरेंस व अन्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही के प्रारंभ की घोषणा करता हूं। आमजन एवं संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि वे दिनाँक 22 मार्च को छत्तीसगढ़ डायोसिस द्वारा हरिभूमि में प्रकाशित असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण आमसूचना को पूर्णत: नज़रअंदाज़ करें।

रेव्ह. अतुल आर्थरसुमन निकेतन, पेंड्रारोड़ जिला जी.पी.एम. (छ.ग.)

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** — शाखाः महगांव (छ.ग.)
**Central Bank of India** — BRANCH: MAHAGAON (C.G.)

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| ऋणी- श्री बालेश्वर गिरी पुत्र स्व. बुद्धू गिरी, महादेवपारा, अनरोखा, नरकालो के पास, चंद्रमेढ़ा, भैयाथान, जिला- सूरजपुर, छत्तीसगढ़, पिन 497229 | श्री बालेश्वर गिरी पुत्र स्व. बुद्धू गिरी के नाम पर भूमि खसरा नं. 952/3, ग्राम- अनरोखा, प.ह.नं. 23, आरएनएम- भटगांव, तहसील- भटगांव, जिला- सूरजपुर, छत्तीसगढ़ पिन नं. 497235, क्षेत्रफल- 0.040 हेक्टेयर भूमि पर निर्मित भवन सहित। | CENT HOME LOAN<br>₹ 10,00,000.00<br>दिनांक 14.04.2025 तक कुल देय धनराशि<br>₹ 10,33,230.68<br>NPA Dt. 31.03.2025 |
| बिक्री विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर- सड़क, दक्षिण- भोला तिवारी की भूमि, पूर्व- मनमती की भूमि, पश्चिम- बालेश्वर गिरी की कृषि भूमि। | | |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखाः महगांव (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 03.05.2025, स्थानः महगांव (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### यूनिटी स्मॉल बैंक का लाभ 83 फीसदी उछला

